>

Title: Need to formulate a comprehensive scheme for development of civic amenities in North East Delhi Parliamentary Constituency.

श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली): वर्तमान जनगणना से विदित हुआ है कि देश में सबसे ज्यादा घनी आबादी वाला जिला राजधानी दिल्ली का उत्तर-पूर्वी जिला है। जनगणना के आंकड़ों के अनुसार उत्तर-पूर्वी दिल्ली में प्रति वर्ग किलोमीटर में 37,346 लोग रहते हैं। इस क्षेत्र में 200 अनधिकृत कॉलोनी, 50 गांव और 50 जे.जे. कलस्टर हैं। इसके अलावा 50 फीसदी हिस्से में सीवर की सुविधा नहीं है। इस प्रकार यहां बुनियादी समस्याओं की वज़ह से दिक्कतों का अंबार दिल्ली के अन्य क्षेत्रों से अधिक है तथा पब्लिक ट्रांसपोर्ट, जीण-शीर्ण सड़कें, शिक्षा और बिजली-पानी की गम्भीर समस्या है। इस क्षेत्र का विकास तभी हो सकता है जब कि केन्द्र सरकार पूरे क्षेत्र को अपने अधीन ले। यदि ऐसा होता है, तो इस क्षेत्र में घनी आबादी होने के बावजूद विकास की गति तेज़ हो सकती है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह देश के सर्वाधिक घनी आबादी वाले उत्तर-पूर्वी संसदीय क्षेत्र को अपने अधीन लेकर इसके तीव्र विकास हेतु एक कारगर योजना बनाकर वहां आवश्यक बुनियादी सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराए जाने हेतु आवश्यक पहल की जाए।